डीएम ने विशेष अभियान दिवस पर विभिन्न मतदेय स्थलों का किया स्थलीय निरीक्षण

मतदाता पंजीकरण कार्यों का लिया जायजा, बीएलओ को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

रायबरेली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद रायबरेली के सभी मतदेय स्थलों पर आज विशेष अभियान दिवस के अवसर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से पहली बार मतदाता बनने की अर्हता प्राप्त करने वाले युवाओं सहित निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराने से वंचित अन्य पात्र नागरिकों के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। विशेष अभियान के अंतर्गत मतदेय स्थलों पर संचालित कार्यों, व्यवस्थाओं एवं पंजीकरण की प्रगति का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-180 सदर रायबरेली के विभिन्न मतदेय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने भाग संख्या-34 एवं 35 पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिधौना, भाग संख्या-39 प्राथमिक विद्यालय चकपीराशाह तथा भाग संख्या-57 एवं 58 प्राथमिक विद्यालय मंचितपुर सहित विभिन्न मतदेय स्थलों का भ्रमण कर वहां संचालित विशेष



शिविरों की व्यवस्थाओं एवं मतदाता पंजीकरण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान प्राप्त होने वाले सभी पात्र नागरिकों के आवेदन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्राप्त कर उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे। विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि 28 एवं 29 नवम्बर को आयोजित विशेष अभियान दिवसों के दौरान निर्वाचन संबंधी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण एवं सत्यापन करने के लिए विधानसभावार जनपद स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित अधिकारी भ्रमणशील रहकर अपने-अपने आवंटित मतदेय स्थलों का निरीक्षण करेंगे तथा वहां बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करेंगे। इसका उद्देश्य अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित कराना तथा मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की कि वे 28 एवं 29 नवम्बर को अपने संबंधित बूथ पर पहुंचकर निर्वाचक नामावली में अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो वह संबंधित बीएलओ से फॉर्म-6 प्राप्त कर उसे भरकर जमा करें, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर आकृति श्रीवास्तव, खण्ड विकास अधिकारी अमावा रत्नाकर त्रिपाठी सहित संबंधित सुपरवाइजर एवं बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे।

कसारवां के सूरजपुर और गणेशपुर में जल्द पहुंचेगा नल से पानी

रायबरेली। अधिशासी अभियंता रणविजय सिंह ने बताया कि जनपद के विकासखंड बछरावां की ग्राम पंचायत कसारवां में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीणों को हर घर नल से जल उपलब्ध कराने की दिशा में कार्यवाही की जा रही है। ग्राम पंचायत के पुरवे सूरजपुर एवं गणेशपुर में भी पाइपलाइन के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया है कि इन पुरवों तक पाइपलाइन बिछाने के लिए शारदा सहायक पंप कैनाल की नहर को पार करने की अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया सिंचाई विभाग के स्तर पर चल रही है। इस संबंध में सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने के लिए पूर्व में पत्राचार किया जा चुका है। वर्तमान में संबंधित विभाग में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अनुमति प्राप्त होते ही दोनों पुरवों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा। अधिशासी अभियंता रणविजय सिंह ने बताया कि जल निगम ग्रामीण की प्राथमिकता है कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो। इसी उद्देश्य से ग्राम पंचायत कसारवां के सूरजपुर एवं गणेशपुर तक पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

माह दिसम्बर की ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने माह दिसम्बर 2026 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली 'ग्राम चौपाल' (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार एवं उपायुक्त स्वत: रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार चार दिसम्बर को परियोजना निदेशक, जि.ग्रा.वि.अभि. विकास खण्ड सरेनी में, जिला विकास अधिकारी विकास खण्ड सतांव में, उपायुक्त श्रम रोजगार विकास खण्ड छतोह में एवं विकास खण्ड सलोन में उपायुक्त, स्वत: रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। इसी प्रकार 11 दिसम्बर को परियोजना निदेशक, जि.ग्रा.वि.अभि. बछरावां में, जिला विकास अधिकारी अमावां में, उपायुक्त श्रम रोजगार शिवगढ़ में एवं उपायुक्त स्वत: रोजगार खीरों में। 18 दिसम्बर को परियोजना निदेशक, जि.ग्रा.वि.अभि. राही में, जिला विकास अधिकारी डीह में, उपायुक्त श्रम रोजगार दीनशाहगौरा एवं उपायुक्त स्वत: रोजगार हरचन्दपुर में। 25 दिसम्बर को परियोजना निदेशक जि.ग्रा.वि.अभि. रोहनियां, जिला विकास अधिकारी महराजगंज, उपायुक्त श्रम रोजगार लालगंज एवं उपायुक्त स्वत: रोजगार विकास खण्ड डलमऊ के किसी एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण करायेंगे।

आग की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

चांदा सुल्तानपुर स्थानीय चांदा थाना क्षेत्र के परिगडा गांव में आग की चपेट में आने से एक 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से झुलस गईं। परिजन उन्हें आनन.फानन में इलाज के लिए स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर ले गएए जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मृतका हीरावती 90 पत्नी स्वर्गीय लक्ष्मण चंद्र तिवारी निवासी परिगडा छापरए थाना चांदा मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं। बताया जाता है कि रात्रि में ठंड से बचने के लिए वह आग जलाकर ताप रही थीं। इसी दौरान अचानक आग की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला मुख्यालय स्थित स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर लेकर पहुंचे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया।

भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

चांदा सुल्तानपुर चांदा क्षेत्र के रामलाल का पुरा में आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सिर पर कलश धारण कर महिलाएं चांदा के प्रमुख मार्गों से होते हुए भजन.कीर्तन और जयकारों के बीच कथा स्थल तक पहुंचीं। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। कलश यात्रा के समापन के बाद कथा स्थल पर विधिवत पूजन.अर्चन के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस राजगुरु राजेश्वरपति त्रिपाठी जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति के साथ व्यासपीठ से कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने श्वासुदेव सुतं देवं कंस चाणूर मर्दनम्ए देवकी परमानन्दं कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम्श् श्लोक का सस्वर पाठ कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। जिसके कथामृत का महत्व देवताओं के लिए भी दुर्लभ माना गया है। कथा प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य यजमान श्रीमती कांता देवी एवं प्रदीप नारायण दुबे ने सपत्नीक व्यासपीठ का विधिवत पूजन.अर्चन कर आरती उतारी। इस अवसर पर राकेश दुबेए शैलेंद्र दुबेए रूपनारायण दुबेए जगदीश दुबे एवं राजेंद्र दुबे ने आचार्य का पुष्पहार पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। महिलाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली। साधनाए सोनमए रेखाए पूनमए मंजूए आकांक्षा एवं अंशी सहित क्षेत्र की अनेक महिलाओं ने कथा का श्रवण किया। कथा के बीच प्रस्तुत सुमधुर भजनों से पूरा पंडाल भक्तिरस में डूबा रहा। श्रद्धालु भजनों पर भावविभोर होकर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन नजर आए।

व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व्यापारियों का एक मात्र संगठन है जो व्यापारियों के हित के लिए सदैव शासन प्रशासन के सामने पहली पंक्ति में खड़ा रहता है, इसी क्रम में आज प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय व छेत्रिय प्रभारी अमरबाहादुर सिंह के दिशा निर्देशनएजिला प्रभारी प्रविन्द्र भालोटिया एवं जिलाध्यक्ष विजय प्रधान के नेतृत्व में सुल्तानपुर जिले के प्रभारी मंत्री आदरणीय गिरीश यादव जीए विधान परिषद सदस्य आदरणीय शैलेंद्र प्रताप सिंह जी एवं सुल्तानपुर के जिला अधिकारी आदरणीय इंद्रजीत सिंह जी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी को ज्ञापन भेजने का आग्रह किया गया। दोनों विधायकों से वार्तालाप के पश्चात उन्होंने आश्वासन दिया कि दिसंबर में होने वाले शीतकालीन सत्र मैं आपकी मांगों को रखा जाएगा आदरणीय मुख्यमंत्री जी से इन मांगों को पूरा करने के लिए निवेदन भी किया जाएगा।

सुल्तानपुर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस

छात्राओं को दिलाई गई बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ

सुल्तानपुर। अंतर्राष्ट्रीय बाल विवाहए अल्पायु एवं जबरन विवाह उन्मूलन दिवस के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह के कुशल निर्देशन एवं सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती मुक्ता त्यागी की अध्यक्षता में पीएम श्री बालिका इंटर कॉलेजए केशकुमारीए सुल्तानपुर में बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अपने संबोधन में छात्राओं को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के दुष्परिणामों एवं इसकी रोकथाम के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने बाल विवाह निषेध अधिनियम.2006 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बाल विवाह को रोकने तथा इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की और उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई।जिला प्रोबेशन



अधिकारी वीण्पीण् वर्मा ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि बाल विवाह बच्चों के सर्वांगीण विकास में सबसे बड़ी बाधा है। बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत विवाह हेतु लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। इसका उल्लंघन एक दंडनीय अपराध है। उन्होंने बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनाए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनाए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन.1098 की उपयोगिता और बच्चों की सुरक्षा से संबंधित जानकारी भी दी।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य श्रीमती पल्लवी सिंह ने बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ने के लिए शिक्षिकाओं को जानकारी दी और बाल विवाह मुक्त भारत के उद्देश्यों के बारे में बताया।जागरूकता अभियान के तहत विद्यालय की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह के खिलाफ संदेश देने का प्रयास किया गया।इस अवसर पर डॉ. बबिता जैन, डॉ. रीना केशरवानीए श्रीमती रचना सहायक अध्यापिकाए श्रीमती नीलम वर्मा मैनेजर कोऑर्डिनेटर, श्रीमती पूजा सिंह चाइल्ड हेल्पलाइन.1098, श्रीमती सरोज यादव जेंडर स्पेशलिस्ट, श्रीमती अर्चना पाल सामाजिक कार्यकर्ता शिल्पम सिंह केस वर्कर, श्रीमती खुशबू दूबे, खुशबू मौर्या, विपिन कुमार कश्यप आदि उपस्थित रहे।

सीडीओ की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

अमेठी । जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। सर्वप्रथम गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। इसके उपरांत सीडीओ द्वारा जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट सड़क सुधार कार्यों तथा यातायात नियमों के कड़ाई से अनुपालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर साइन बोर्ड स्पीड ब्रेकर रोड पैच सुधार रिफ्लेक्टर एवं रोड मार्किंग के कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं तथा जहां कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनका भौतिक सत्यापन भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में स्कूली वाहनों एवं बसों की नियमित जांच फिटनेस एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच तथा 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने ड्रिंक एंड ड्राइव बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सड़क किनारे उगी झाड़ियों की कटाई कर दृश्यता बढ़ाने टोल प्लाजा पर कांटा क्रेन कटर व एम्बुलेंस की उपलब्धता तथा प्रमुख चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था संकेतक एवं चेतावनी बोर्ड दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि चालान एवं जुर्माना की कार्रवाई प्रभावी ढंग से की जाए साथ ही जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से सामान फैलाकर किए जा रहे अतिक्रमण के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने इस पर प्रभावी नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके उपरांत सीडीओ ने बस स्टैंड निर्माण की प्रगति कमरौली क्रॉसिंग के चौड़ीकरण पोल शिफ्टिंग पुलिस व एनएचएआई द्वारा संयुक्त रूप से रोस्टर के अनुसार पेट्रोलिंग किए जाने गलत दिशा से आ रही गाड़ियों का चालान तथा आबादी क्षेत्र के अंतर्गत ब्लिंकिंग लाइट लगवाने के निर्देश संबंधित को दिया। इसके साथ ही एआरटीओ महेश बाबू गुप्ता ने अवगत कराया कि कल दिनाँक 29 नवम्बर को पुलिस लाइन में चालकों का नेत्र परीक्षण हेतु कैम्प का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह अधिशासी अभियंता निर्माण खंड रमेश चंद्र एआरटीओ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

अमेठी ।कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जिले में पुलिस विभाग ने बड़ा बदलाव किया है। गैर जनपदों से आए निरीक्षकों को नई तैनाती देते हुए अलग-अलग थानों का प्रभारी बनाया गया है। वहीं दूसरे जिलों में स्थानांतरित छह थाना प्रभारियों को कार्यमुक्त कर दिया गया है। नई तैनाती के तहत निरीक्षक अनिल कुमार सिंह को गौरीगंज शिवकुमार को पीपरपुर अखिलेश सिंह को मुसाफिरखाना चंद्रभान वर्मा को फुरसतगंज और राम आशीष उपाध्याय को जगदीशपुर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं मोहनगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक धीरेंद्र प्रताप सिंह को भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाने का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा पीपरपुर के पूर्व थाना प्रभारी अरुण कुमार मिश्रा को लोक शिकायत प्रकोष्ठ का प्रभारी नियुक्त किया गया है। दूसरी ओर गौरीगंज के प्रभारी रवि कुमार सिंह मुसाफिरखाना के विवेक सिंह जगदीशपुर के धीरेंद्र कुमार यादव भाले सुल्तान के अजेंद्र कुमार पटेल फुरसतगंज के नंद हौसिला यादव और लोक शिकायत प्रकोष्ठ के पंकज द्विवेदी को दूसरे जिलों में स्थानांतरण के चलते रिलीव कर दिया गया है।

ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमेठी । राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जगदीशपुर में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के अधिकारियों की उपस्थिति में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भेल के जीएम एवं हेड सुनील कुमार सोमानी उपस्थित रहे। उनके साथ अन्य अधिकारियों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया मुख्य अतिथि सुनील कुमार सोमानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे भेल संस्थान में आकर ऑन-जॉब ट्रेनिंग प्राप्त कर सकते हैं तथा वेल्डिंग एवं फैब्रिकेशन जैसे महत्वपूर्ण औद्योगिक कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण ले सकते हैं। इससे विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता विकसित करने के साथ भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।एजीएम शिव प्रकाश सिंह ने औद्योगिक क्षेत्र में अनुशासन कार्य के प्रति समर्पण सुरक्षा नियमों के पालन एवं व्यवहारिक कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं एजीएम प्रोडक्शन राघवेंद्र सिंह ने उत्पादन प्रक्रिया तकनीकी गुणवत्ता एवं आधुनिक औद्योगिक कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अपने कौशल को निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया।प्रोडक्शन मैनेजर मो सादिक एवं अचल श्रीवास्तव ने वेल्डिंग फैब्रिकेशन मशीनों के सुरक्षित संचालन तथा उत्पादन कार्यों में गुणवत्ता के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने और अधिक से अधिक व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्रधानाचार्य अजय कुमार सिंह ने भेल के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक सहयोग एवं ऑन-जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने तथा उनके कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

माता देवहूति कपिल संवाद सुन भाव विभोर हुए श्रोता

अमेठी ।क्षेत्र के रानीपुर ठेंगहा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के द्वितीय दिवस पर श्रद्धा भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कथाव्यास अमित कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों का रसपान कराया। उन्होने सृष्टि वर्णन कपिलोपाख्यान एवं माता देवहूति-कपिल संवाद का अत्यंत सुंदर एवं भावपूर्ण वर्णन किया। इसके साथ ही भगवान शिव एवं माता पार्वती के दिव्य विवाह उत्सव की भव्य एवं पावन कथा का श्रवण कराकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महाराज श्री ने कथा के माध्यम से भक्ति ज्ञान वैराग्य एवं गृहस्थ जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व को भी समझाया। भगवान शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग के दौरान पूरा कथा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

वार्षिकोत्सव में नौनिहालों की प्रस्तुति देख झूम उठे अभिभावक

अमेठी ।नगर स्थित अमेठी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव गीत संगीत और शिक्षाप्रद संदेशों के साथ धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव में नौनिहालों ने नृत्य संगीत नाटक और भाषण के दो दर्जन से अधिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्री प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिला प्रचारक पवन और डॉ अवधेश बेलौरा विशिष्ट अतिथि रहे। स्कूल प्रबंधक रश्मि सिंह सेवानिवृत्त आई ई एस विनय कुमार सिंह और वरिष्ठ भाजपा नेता राघवेन्द्र सिंह ने छात्र छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। वार्षिकोत्सव का आरम्भ गणेश वंदना और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने बटर फ्लाई डांस प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया। तारा रम रम किताबें बहुत सी पढी होंगी -नृत्य पर भी अभिभावकों ने खूब तालियां पीटीं और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कक्षा पांच के छात्र छात्राओं ने शिक्षा की पावर एक्ट और डांस प्रस्तुत किया। कक्षा तीन के बच्चों ने मोटीवेशन टीम कक्षा आठ के बच्चों ने नारी शक्ति और नर्सरी के बच्चों ने बम बम भोले नृत्य प्रस्तुत किया। सियाराम हम होंगे कामयाब जंगल डांस डांडी यात्रा जब जिद पे आई पार्वती पापा कहते हैं स्कूल नहीं जाना आरम्भ है प्रचण्ड जलते दिए फेस्टिवल आफ इंडिया घर मोरे परदेशिया आदि नृत्य और संगीत के कार्यक्रमों ने अभिभावकों का उत्साह बढ़ाया।स्कूल के प्रिंसिपल वीरेंद्र प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया।

बीएसए संजय तिवारी का हुआ तबादला लालचंद को मिली कमान

अमेठी । बेसिक शिक्षा विभाग में शासन ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए अमेठी के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी को लखीमपुर खीरी स्थानांतरित कर दिया है। उनकी जगह अयोध्या में तैनात बीएसए लालचंद्र को अमेठी का नया बीएसए बनाया गया है।संजय कुमार तिवारी ने 1 जुलाई 2023 को अमेठी में कार्यभार ग्रहण किया था। करीब तीन साल चार माह तक जिले में रहते हुए उन्होंने परिषदीय स्कूलों की व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए लगातार काम किया। उनके कार्यकाल में छात्र-शिक्षक उपस्थिति में सुधार विद्यालयों के कायाकल्प और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर रहा।इसी दौरान जिले के 429 प्राथमिक विद्यालयों में 2 करोड़ 14 लाख 50 हजार रुपये की लागत से झूले लगवाने की योजना को मंजूरी मिली जिसे उनके कार्यकाल की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। तबादला आदेश जारी होते ही संजय कुमार तिवारी लखीमपुर खीरी के लिए रवाना हो गए।

अवैध लकड़ी कटान पर रोक लगाने में नाकाम पुलिस व वन विभाग

तिलोई, अमेठी- तहसील सर्किल क्षेत्र के अंतर्गत मोहनगंज, शिवरतनगंज तथा इन्हौना क्षेत्र में इन दिनों डंके की चोट पर चंद रुपयों के लालच में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त मिली भगत से हरियाली का कत्ल धड़ल्ले से दिन रात हो रहा है।बीते दिनों इन्हौना थाना क्षेत्र के भीखीपुर गाँव स्थित ईदगाह से सौ मीटर दूर कई गूलर के पेड़ काटे गए।वही वन विभाग के कर्मचारी द्वारा अधिकारी को गुमराह किया गया।जहां एक तरफ प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी हर साल करोड़ो रूपये पानी की तरह बहा कर धरती को हरा भरा व पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए पेड़ लगवाती है।वही उनके ही अधिकारी कर्मचारी प्रदेश सरकार के सपनो को पलीता लगाते नजर आ रहे हैं।अगर यही हाल रहा तो वो दिन भी दूर नही जब लोग उत्तर प्रदेश को भी राजस्थान कहने लगेंगे।पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से हर रोज मोहनगंज,शिवरतनगंज तथा इन्हौना थाना क्षेत्र में अवैध कटान किया जाता है।इतना ही नहीं इन्हौना पुलिस के नाक के नीचे से अवैध लकड़ी से लदी ट्रालियां गुजरती है।लेकिन इन्हौना पुलिस कोई भी कार्यवाही करने से कतराती है।इस सम्बंध में वन क्षेत्राधिकारी तिलोई से बात करने की कोशिश की गई तो बात नहीं हो पाई।

धर्म विचारों का शुद्धिकरण कर मानवता और राष्ट्रभाव की प्रेरणा देता है -प्रज्ञा भारती गिरि

माधौगंज, हरदोई। धर्म मनुष्य के विचारों का शुद्धिकरण कर उसे सत्य, नैतिकता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। धर्म के वास्तविक आचरण से व्यक्ति के भीतर विवेक, वैराग्य और सद्भाव का भाव विकसित होता है। समाज में सकारात्मक वैचारिक परिवर्तन के लिए विचारों का शुद्धिकरण आवश्यक है। यह विचार वेदांत विदुषी प्रज्ञा भारती गिरि पंछी देवी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सच्चा धर्म वही है, जो मनुष्य को मोह, अहंकार और बुराइयों से दूर रखकर सद्कर्म के लिए प्रेरित करे। राष्ट्र के प्रति समर्पित व्यक्ति का तन, मन और जीवन राष्ट्रहित के लिए समर्पित होता है। भगवान श्रीराम ने भी व्यक्तिगत सुख से ऊपर धर्म, मर्यादा और लोककल्याण को महत्व दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोगों को अपनी धार्मिक पहचान के साथ भारतीय होने पर भी गर्व करना चाहिए। रावण और कंस जैसे अत्याचारी भी सनातन परंपरा को समाप्त नहीं कर सके। सनातन धर्म की आध्यात्मिक चेतना सदैव प्रवाहित होती रहेगी।उन्होंने नदियों का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार विभिन्न नदियां समुद्र में मिलकर एक हो जाती हैं, उसी प्रकार सभी धर्मों के लोगों को राष्ट्रहित में एकजुट होना चाहिए। सभी जीवों में परमात्मा का अंश मानकर मानवता और एकता का भाव रखना चाहिए। विचारों की शुद्धता, वैचारिक क्रांति और राष्ट्रभाव ही मजबूत एवं समरस समाज की आधारशिला हैं।

दो बदमाशों को डीएम ने डुगडुगी बजवाकर किया जिला बदर

सुल्तानपुर। डीएम.एसपी की सख्तीएदो आरोपी छह माह के लिए जिलाबदरएडुगडुगी पिटवाकर कराई मुनादी।अपराध नियंत्रण को लेकर डीएम इंद्रजीत सिंह और एसपी विनीत जायसवाल ने बड़ी कार्रवाई की है।कोतवाली देहात के अग्रेसर गांव निवासी राजन तिवारी और धनपतगंज थाना क्षेत्र के पीरोसरैया गांव निवासी अमित सिंह को छह माह के लिए जिलाबदर किया गया है।दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में कुल 10 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों के गांवों में डुगडुगी पिटवाकर मुनादी कराई और ग्रामीणों को जिलाबदर आदेश की जानकारी दी।

राशन वितरण का विरोध करने पर विवाद, दोनों पक्षों ने दर्ज कराया मुकदमा

हरदोई। मल्लावां थाना क्षेत्र के ग्राम मंसूरपुर में मारपीट के वायरल वीडियो का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले में आयुष मिश्रा ने सामने आकर कोटेदार सुरेश श्रीवास्तव, गुड्डू तिवारी समेत अन्य लोगों पर राशन वितरण में अनियमितता का विरोध करने पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने और रास्ते में घेरकर हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मंसूरपुर निवासी आयुष मिश्रा पुत्र मिथिलेश कुमार मिश्रा के अनुसार, दो दिन पहले ग्रामीणों की शिकायत पर उन्होंने कोटेदार से नियमानुसार राशन वितरण करने की बात कही थी। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर कोटेदार पक्ष ने उनके खिलाफ मल्लावां थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया। आयुष का कहना है कि इस संबंध में कोटेदार के सहयोगी से फोन पर आपत्ति जताने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। आयुष के मुताबिक, शाम को बहन की शादी की चौथी से लौटते समय आरोपियों ने रास्ते में उनके साथ अभद्रता की और मारपीट का प्रयास किया। किसी तरह वह बचकर घर पहुंचे।

चारा मशीन की बेल्ट में फंसी बीएससी छात्रा की चोटी, सिर की खाल उखड़ी

हरदोई। अरवल थाना क्षेत्र के शेखापुर नगरि